फर्द अहकाम

सविता बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 284/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
12.09.2024	प्रार्थीया ने प्रार्थना पत्र बाबत 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956 का पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर बहस प्रार्थीया की प्रार्थना पत्र में सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीया ने निवेदन किया कि मेरा नाम राजस्व रिकार्ड में श्वेता चौधरी पुत्री ओमप्रकाश संरक्षक सुनीता देवी उम्र 18 वर्ष जाति जाट निवासी चतरपुरा, पोस्ट पवालिया, तहसील सांगानेर दर्ज है के क्रम में निवेदन निम्न प्रकार से है कि मुझे सविता उर्फ श्वेता पुत्री ओमप्रकाश जाति जाट को उक्त दोनो नामो से ही मुझे जाना जाता है। मेरे परिवार के राशन कार्ड एवं 10वीं कक्षा अंकतालिका में मेरा नाम सविता पुत्री ओमप्रकाश है लेकिन आधार कार्ड एवं राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम श्वेता पुत्री ओकप्रकाश दर्ज है तथा उक्त दोनो नामो से ही मैं जानी जाती हूँ। मेरे द्वारा श्रीमान् को शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ तथा आधार कार्ड की कॉपी और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंकतालिका प्रस्तुत कर रही हूँ। नामान्तरकरण संख्या 518 से मेरा राजस्व रिकार्ड में नाबालिक से बालिक के लिये भरा गया था लेकिन तहसीलदार साहब बगरू ने केवल इस कारण से नामान्तरकरण खारिज कर दिया कि दोनो नामों में भिन्नता है। श्रीमान् तहसीलदार बगरू को आदेश प्रदान करें कि मेरे बारे में मौके की जानकारी करवा लें कि मेरे दोनो ही नाम है। अतः श्रीमान् जी से अनुरोध है कि राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम नाबालिक से बालिक करवाने का आदेश प्रदान करेंगे। बहस प्रार्थीया, प्रार्थना पत्र का अवलोकन कराने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है तहसीलदार सांगानेर को राजस्व ग्राम चतरपुरा पटवार हल्का भापुरा भू0अ0नि0क्षे0 कलवाडा तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित खाता संख्या 100 मे क्रमांक संख्या 5 नाबालिग श्वेता चौधरी पुत्री ओमप्रकाश संरक्षक सुनीता देवी के स्थान पर सविता चौधरी पुत्री ओमप्रकाश शुद्ध किये जाने के आदेश दिये जाते है। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 12.09.2024 को [illegible] में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.02.11 15:21:28 IST
Reason: SelfAttested